
## खबर संक्षेप



### महतारी एक्सप्रेस में हुआ प्रसव

**गुण्डरदेही।** महतारी एक्सप्रेस में बीच रास्ते में डिलिवरी हुई। प्रसव में मां बच्चे दोनों स्वस्थ हैं। ग्राम बोदल की मितानिन दामिनी बाई सुबह 102 में काल करके बताया कि गांव की सुमन साहू को प्रसव पीड़ा हो रही है। उसके बाद तत्काल महतारी 102 गुण्डरदेही अस्पताल से बोदल पहुंचे, जहां महिला को लेकर गुण्डरदेही अस्पताल आ रहे थे। इस बीच महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ने के कारण बीच रास्ते मे ही ग्राम रजोली के पास ही प्रसव हो गया। वाहन चालक यमन कुमार व मितानिन दामिनी बाई के सूझबूझ से महतारी 102 में ही प्रसव कराया गया, फिर महिला को लेकर कलंगपुर अस्पताल लाया गया, जहां मां व बच्चे सुरक्षित हैं।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग में की गई नियुक्तियां

**गुण्डरदेही।** पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की अधिसूचना 16 जुलाई के अनुसार आयोग में नई नियुक्तियां की गई हैं। आदिम



जाति तथा अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्रालय ने इसका आदेश और नवनियुक्त अध्यक्ष और सदस्यों नामों की सूची जारी की है। शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सेवानिवृत्त आईएएस आर.एस विश्वकर्मा को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 6 सदस्यों की नियुक्ति की गई हैं। सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक और पूर्व सचिव राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग बलदाऊराम साहू, सिर्राभांठा (बालोद) को सदस्य नियुक्त किया गया है। बलदाऊ राम साहू वर्तमान में हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष हैं।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024 हेतु डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन 31 अगस्त तक मंगाए गए हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषक उक्त पुरस्कार हेतु आवेदन कृषि विभाग के जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन भर कर इस कार्यालय में 31 अगस्त तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी कृषि विभाग की वेबसाईट एग्री पोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यक्रम : पारंपरिक वेशभूषा में शानदार प्रस्तुति से बांधा समां**

# जिले के शिक्षक युगल ने राजस्थान में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुंदा

राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक स्त्रोत व प्रशिक्षण केन्द्र उदयपुर राजस्थान में 6 से 10 अगस्त से शिक्षा में पुतली कला की भूमिका विषय पर रिफ्रेश कोर्स का आयोजन हुआ। जिसमें देश के लगभग 12 राज्यों के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के सात शिक्षक अपना स्थान सुनिश्चित करते हुए प्रतिभागी बने। कार्यक्रम के दौरान बालोद जिले के शिक्षक युगल देवांगन के नेतृत्व में शानदार प्रस्तुति करते हुए छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रदर्शित कर पारंपरिक वेशभूषा धारण करते हुए लोक नृत्य व छ ग की पारम्परिक पकवान ठेठरी, कटवा, खुर्मी के स्वाद से सभी शिक्षकों को अवगत कराया। साथ ही छत्तीसगढ़ की सम्पूर्ण उपब्धियों को भी संक्षिप्त में प्रस्तुत किया गया। सभी शिक्षकों के बीच छत्तीसगढ़ के अलग अलग समुदाय की वेशभूषा, मनमोहक व आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्री देवांगन ने बताया कि यह कार्यशाला राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई थी जिसमें भारतीय संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक व बच्चो को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने के लिए शिक्षकों को तैयार किया जाता है, ताकि शिक्षक सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र सीसीआरटी के माध्यम से बच्चों को संस्कृति से जोड़े रख सके। कार्यशाला में बताया गया कि यहां से रिफ्रेश कोर्स के बाद शिक्षक अपनी शाला में सांस्कृतिक क्लब का निर्माण कर शुरआत कर सकेंगे जो प्रत्यक्ष रूप से सी सी आर टी नई दिल्ली से संबद्ध होकर कार्य कर सकेगी। बालोद जिले के लिए यह क्लब खुलना गर्व की बात होगी। देवांगन द्वारा पूर्व में भी कठपुतली कला के माध्यम से विभिन्न नवाचार कर शिक्षा को रोचक बनाने का कार्य किया जाता रहा है।





### राज्य से ये शिक्षक हुए शामिल

सीसीआरटी नई दिल्ली के डिप्टी डायरेक्टर संदीप शर्मा व कार्यशाला संचालक मिथुन दत्ता ने छत्तीसगढ़ के टीम की सराहना भी की। कार्यशाला में राज्य से शिक्षक संतोष कर्श, लुकेश राम साहू, हरि राम साहू, शेखन राम साहू, रूपेश सोनी का सहभागिता रहा।

## सशिमं खर्रा में मनाया गया नाग पंचमी पर्व



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में नाग पंचमी पर्व मनाया गया। प्रधानाचार्य फल देव साहू, वरिष्ठ सुखित राम कलिहारी, कामता प्रसाद साहू एवं बाल भारती के पदाधिकारियों ने नाग देवता के छाया चित्र की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर आचार्य मान सुखित कलिहारी ने नाग पंचमी मानने के धार्मिक, पौराणिक एवं पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण में सभी प्राणियों का अपना अपना महत्व है। अतः सभी जीव जगत के लिए अति आवश्यक हैं। प्रधानाचार्य फल देव साहू ने नाग और खाद्य श्रृंखला पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी, रंजना सिन्हा, बीना साहू, टुमेश्वरी पटेल, कुमारी छबि लता पटेल एवं शिशु भरती बाल भारती के भैया बहन उपस्थित थे।



### अगस्त क्रांति के अवसर पर नारागांव में लगाए गए पौधे

**गुरूर।** गुरूर ब्लॉक स्थित ग्राम नारागाँव में अगस्त क्रांति के अवसर पर एक पेड़ शहीदों के नाम पौधे लगाये गये। इस अवसर पर सरपंच प्रतिमा मंडावी, उपसरपंच हेमलाल साहू एवं जनपद सदस्य सहित सम्मानित नागरिक भी उपस्थित थे।

## भाजपा 14 को मनाएगी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**डौंडीलोहारा।** भाजपा द्वारा सम्पूर्ण भारत देश में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है।भाजपा जिला बालोद के लिए जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल को संयोजक बनाया गया है। श्री जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिले के साथ ही यहां के सभी 9 मंडलों में बैठकों का आयोजन कर तैयारियां कर ली गई हैं। इसके तहत जिला मुख्यालय व जिले के तीनों विधानसभा मुख्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव होंगे। इसके लिए जिला उपाध्यक्ष द्वय किशोरी साहू, त्रिलोकी साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदित्य पीपरे, जिला सोशल मीडिया प्रमुख संदीप सिन्हा को कार्यभार सौंपा गया है। श्री जायसवाल ने बताया कि 14 अगस्त को ही संगोष्ठी के बाद मशाल के साथ मौन जुलूस भी निकाला जाएगा। इस अवसर पर विभाजन के दौरान हिंसा में मारे गए लगभग 20 लाख हिन्दुओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी। श्री जायसवाल ने समाज के बुद्धिजीवी वर्ग, छात्र-छात्राओं व आम नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



# शासकीय भूमि पर पट्टे को लेकर प्रशासन व ग्रामीणों के बीच चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक जिला कार्यालय बालोद के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी शिवनाथ बघेल ने शासकीय भूमि का पट्टा और प्रधानमंत्री आवास की समस्या को लेकर पीड़ित नगर वासियों के प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर जिला कार्यालय बालोद में चर्चा की। इस दौरान वार्ड क्रमांक 9,10 व 11 की चट्टान भूमि और वार्ड क्रमांक 12 व13 की शासकीय घास भूमि पर कब्जाधारी नागरिकों के विषय पर कैसे पट्टा व प्रधानमंत्री आवास दिया जा सकता है, उस विषय पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान अपर



कलेक्टर और एसडीएम ने समस्या का समाधान बहुत जल्द निकालने की बात कही। इस पर गोपी साहू और उनके प्रतिनिधिमंडल ने समस्या का समाधान नहीं होने पर क्या करना है, उस विषय पर सभी पीड़ित हितग्राहियों के साथ चर्चा कर आगे की रणनीति तय करने की बात कही गई। अपर कलेक्टर से चर्चा के दौरान जिला कार्यालय बालोद में गोपी साहू के साथ अनीता सोनी, संतोष कुमार यादव, रोहित कतलम, झमित मंडावी ,बुधवार सिंह भुआर्य,अंजली निषाद, प्रतिमा यादव, विनोद कुमार यादव, खेमन यादव, सेवती निषाद ,लक्ष्मी साहू, कमलेश्वरी मंडावी, सूरज मालेकर, संजय श्रीवास आदि शामिल रहे।

# हुच्चेटोला पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल ग्रामीणों से जाना उनका हालचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद


कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम हुच्चेटोला के प्रवास के दौरान अधिकारियों के साथ ग्रामीणों के घर में पहुँचकर उनका हाल चाल जाना।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनके कार्यों एवं व्यवसाय के संबंध में जानकारी ली तथा उनके आय को दुगुना करने के उपायों के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने सड़क दूर्घटना में घायल युवक कोमल यादव के घर में पहुँचकर उनका हालचाल जाना। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कोमल यादव के समुचित ईलाज कराने के निर्देश भी दिए।



## गुरूर के काल भैरव देउर मंदिर में प्रतिदिन किया जा रहा रुद्राभिषेक

**गुरूर।** नगर के प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर काल भैरव देउर मंदिर में विराजित भगवान शिव की सावन माह में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। यहां प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पांडेय ने बताया कि श्रावण मास की प्रारंभ से ही मंदिर में 33 दिन अनवरत भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक किया जा रहा है। आचार्य पांडेय ने बताया कि सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार सावन के पूरे महीने में भगवान शिव की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की जाती है। सावन के महीने में रुद्राभिषेक का खास महत्व होता है। मान्यता है कि शिव के रुद्र रूप को रुद्राभिषेक बहुत प्रिय है। भगवान भोलेनाथ का सावन में रुद्राभिषेक करने से इंसान के सांसारिक कष्ट दूर हो जाते हैं और ग्रह दोषों से भी मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने जानकारी दी की 17 अगस्त को विशाल जलयात्रा का आयोजन किया जाएगा। वह 21 अगस्त को मंदिर प्रांगण में महामृत्युंजय जाप रुद्राभिषेक एवं अन्य ग्रहों की पूजा हवन एवं पूर्णाहुति की जाएगी।



Recognized by Indian Nursing Council
& C.G.Nurses Registration Council
NURSING EDUCATION
B.Sc. NURSING
4 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
BHARAT INSTITUTE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
Vill. Danitola, Post: Bhaisbod, Tehsil: Dondi, Distt Balod (C.G.)
www.bharatnursing.com, bharatdalli@rastoginursing.com
✆ 08349196676, 9300752200



अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग
छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद
मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

